ANNUAL REPORTS OF THE COMMISSIONER FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

4238. SHRI P. R. THAKUR :
SHRI A. K. KISKU :

Will the Minister of SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Annual Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes has discontinued the long-standing practice of giving statistics of Ministry-wise representation of Scheduled Castes and Scheduled Tribes *vis-a-vis* total number of employees in the Central Government Service for the year 1964-65;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) whether the earlier practice would be revived to help detecting the defaulting sector ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE AND IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI MUTHYAL RAO) : (a) to (c). In view of the status and functions prescribed for the Commissioner under the Constitution, Government do not interfere with his discretion in the manner of compilation of his reports. The Commissioner's Sixteenth Report has highlighted employment statistics for the Central Services as a whole, for All-India Services and certain selected cadres. Ministry-wise information has been given in regard to cases of supersession.

उर्वरक कारखाना गोरखपुर के प्रबन्ध में हिस्सा लेने की मजदूरों की मांग

4239. श्री मोलहू प्रसाद : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री 22 अप्रैल, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8121 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 17 मांगों में से उन मांगों का ब्यौरा क्या है, जो राज्यों के श्रम विभाग के प्रादेशिक समझौता अधिकारी को भेजी गई थीं ; और

(ख) उन पर क्या निर्णय किये गये हैं तथा उनमें से कितनी मांगें क्रियान्वित की गई हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुरमैया) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथा समय सभा-पटल पर रखी जायेगी ।

उत्तर प्रदेश को पावर के कनैक्शन देने के बारे में हुआ करार

4240. श्री मोलहू प्रसाद : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है जिनके साथ, जनवरी 1967 और जून 1968 के बीच उत्तर प्रदेश के बस्ती और गोरखपुर के जिलों के जल विद्युत विभाग के जिला कार्यालय में पावर के कनेक्शन प्राप्त करने के लिये अपेक्षित धनराशि जमा कराये जाने के बाद, करार हुए थ ;

(ख) उपर्युक्त उल्लिखित व्यक्तियों में से ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें इस बीच पावर के कनेक्शन दिये जा चुके हैं ; और

(ग) ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी ऐसे कनेक्शन दिये जाने हैं ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) गोरखपुर जिले और बस्ती जिले में उन व्यक्तियों की संख्या क्रमश: 1001 और 1119 है जिन के साथ हमने धनराशि जमा कराने के पश्चात करार किए थे ।

(ख) गोरखपुर जिले में 890 और बस्ती जिले में 900 ।

(ग) गोरखपुर में 111 और बस्ती जिले में 219 । यदि धन उपलब्ध हो जाए ेर